Reg. No.............................................. Name........................................................................ **25U2036**

## B A, B SC, B COM DEGREE END SEMESTER EXAMINATION - APRIL 2025

## UGP (HONS.) SEMESTER - 2: MULTIDISCIPLINARY COURSE

### COURSE: 24UHINMDC102 – COMMUNICATIVE HINDI THROUGH DRAMA

*(For Regular 2024 Admission)*

Time: 1.5 Hours Max. Marks - 50

### PART A

**I. किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। (5x2=10)**

**1.** सिंघानिया कौन है ? (CO1)

**2.** अशोक का परिचय दीजिए। (CO1)

**3.** सावित्री के चरित्र की विशेषता चुनकर लिखिए। (CO2)

अ. करुणामयी आ. मेहनती एवं महत्वाकांक्षी

इ. होममेकर ई. आलसी

**4.** महेंद्र और सावित्री के संवादों से पारिवारिक असंतोष की क्या झलक मिलती है ? (CO4)

**5.** मोहन राकेश किन-किन पुरस्कारों से सम्मानित हैं ? (CO1)

**6.** वाक्यांश पठकर उत्तर लिखिए। (CO3)

"तुम लड़ भी सकते हो इस वक़्त,ताकि उसी बहाने चले जाओ घर से। ... वह आदमी आएगा,तो जाने क्या सोचेगा क्यों हर बार इसके आदमी को कोई-न-कोई काम हो जाता है बाहर।"

(क) यह संवाद नाटक के किस पात्र द्वारा कहा गया है ?
(अशोक, महेंद्रनाथ, सावित्री, बिन्नी)

(ख) "वह आदमी आएगा,तो जाने क्या सोचेगा।" किसके आने की सूचना दी गयी है ?

(अशोक, महेंद्रनाथ, जुनेजा ,सिंघानिया)

**7.** वाक्यांश पठकर उत्तर लिखिए। (CO3)

"झूठ-मूठ ? मेरा फाउंटेन पेन तेरी वर्णा के पास नहीं है ?"

(क) यह संवाद नाटक के किस पात्र द्वारा कहा गया है ?
(बिन्नी, किन्नी, सावित्री, अशोक)

(ख) वर्णा को फाउंटेन पेन किसने दिया था ?

(बिन्नी ने, किन्नी ने, सावित्री ने, अशोक ने)

### PART B

**II. किन्हीं चार प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (4x5=20)**

**8.** नाटक के किसी एक पात्र की ओर से एक काल्पनिक डायरी का पृष्ठ लिखिए। (CO4)

**9.** सावित्री और बिन्नी के बीच काल्पनिक वार्तालाप का नमूना लिखिए। (CO2)

**10.** 'आधे-अधूरे' नाटक में चित्रित मुख्य समस्याओं का चित्रण कीजिए। (CO3)

**11.** नाटक के किसी एक पात्र का काल्पनिक पत्र लिखिए, जिसमें वह अपनी मनोदशा व्यक्त कर रहा हो । (CO5)

**12.** यदि 'आधे-अधूरे' नाटक का संवाद आधुनिक समय में लिखा जाता, तो पात्रों के बीच का वार्तालाप किस प्रकार का होता ? वार्तालाप का नमूना लिखिए। (CO2)

**13.** अशोक और किन्नी के बीच काल्पनिक वार्तालाप का नमूना लिखिए। (CO2)

**PART-C**

**III. किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लिखिए।** **(2x10=20)**

**14.** संवाद पढ़कर निम्नांकित प्रश्नों का उत्तर लिखिए। (CO3)

पुरुष दो - "हूँ -हूँ ...। क्या पास किया है इसने ? बी. कॉम ?

स्त्री - मैंने बताया था। बी.एस-सी कर रहा था ... तीसरे साल में बीमार हो गया,इसलिए ...

पुरुष दो - अच्छा-अच्छा ... हाँ बताया था तुमने कि कुछ दिन एयर-इंडिया में....

स्त्री - एयर-फ्रीज़ में।

अ. इस संवाद में किसके पढ़ाई की बात हो रही है ?

आ. इसमें पुरुष दो कौन है ? परिचय दीजिए।

इ. स्त्री कौन है ? पुरुष दो के साथ उसका क्या संबंध है ?

ई. प्रस्तुत वाक्यांश की सप्रसंग व्याख्या (Annotation) कीजिए।

**15.** महेंद्र और अशोक के बीच का संवाद तैयार कीजिए। (CO2)

**16.** सावित्री का चरित्र चित्रण कीजिए। (CO4)

**17.** 'आधे-अधूरे' नाटक का अंत बदलने का अवसर यदि मिले, तो आप इसे कैसे समाप्त करेंगे **?** विस्तृत वर्णन कीजिए। (CO5)